साहित्यिक–सांस्कृतिक परिषद्
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

प्रो0 विघ्नेश कुमार
अध्यक्ष

प्रो0 नीलू जैन गुप्ता
समन्वयक

संशोधित

दिनांक : 25.04.2024

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष/समन्वयक/शैक्षणिक विभाग/समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्य/निदेशक/विश्वविद्यालय कार्यालय अधिकारी व कर्मचारीगण, साहित्यिक–सांस्कृतिक परिषद् सदस्यगण, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

विषय : साहित्यिक–सांस्कृतिक परिषद् के तत्त्वावधान में दिनांक 29 अप्रैल, 2024 को "राजा महेन्द्र प्रताप पुण्यतिथि" पर कार्यक्रम के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

सूचित किया जाता है कि विगत वर्षों की भाँति साहित्यिक–सांस्कृतिक परिषद् चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के तत्त्वावधान में 29 अप्रैल, 2024 को "राजा महेन्द्र प्रताप पुण्यतिथि" पर माल्यार्पण के अवसर पर निम्न कार्यक्रम आयोजित कराये जाने हैं–

क्र. स	दिनांक	समय	स्थल	आयोजन
1.	29 अप्रैल, 2024	प्रातः 09:30 बजे	पुस्तकालय प्रांगण में स्थित प्रतिमा स्थल	**राजा महेन्द्र प्रताप जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण**
2.	29 अप्रैल, 2024	प्रातः 10:00 बजे	विश्वविद्यालय परिसर के पुस्तकालय का सेमिनार हॉल (द्वितीय तल)	**संगोष्ठी – "स्वतन्त्रता आन्दोलन में राजा महेन्द्र प्रताप का योगदान"**
3.	29 अप्रैल, 2024	पूर्वाह्न 11:30 बजे से 12:30 बजे तक	विश्वविद्यालय परिसर स्थित पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग (भूतल)	**निबन्ध प्रतियोगिता – "स्वतन्त्रता सेनानी राजा महेन्द्र प्रताप का व्यक्तित्त्व एवं कृतित्त्व"**

पुनश्च, अनुरोध है कि उपर्युक्त कार्यक्रम में विद्यार्थियों सहित भाग लेकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने एवं सहयोग हेतु आप सादर आमंत्रित हैं। कार्यक्रम से सम्बन्धित जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.ccsuniversity.ac.in पर उपलब्ध है।

नोट : निबंध प्रतियोगिता हेतु प्रतिभागी का नाम प्राचार्य द्वारा अग्रसारित होना आवश्यक है।
निबंध प्रतियोगिता हेतु प्रतिभागी अपना पहचान पत्र साथ अवश्य लायें।

प्रो0 जमाल अहमद सिद्दीकी
कार्यक्रम समन्वयक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी की सूचानार्थ।
2. कुलसचिव, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं इस अनुरोध के साथ कि वे अपने स्तर से समस्त कर्मचारियों को भी सूचित करें।
3. वित्त अधिकारी, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
4. परीक्षा नियंत्रक, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
5. छात्र कल्याण अधिष्ठाता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
6. कुलानुशासक, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
7. चीफ वार्डन, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
8. समस्त विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
9. अभियंत्रण विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
10. प्रेस प्रवक्ता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को इस आशय से प्रेषित कि वह सभी समाचार पत्रों को इसके विषय में सूचित करें।

प्रो0 जमाल अहमद सिद्दीकी
कार्यक्रम समन्वयक